Title: Request to pay due wages of the workers of cotton mills and NTC mills.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर): उपाध्यक्ष महोदय, कानपुर में बी.आई.सी. की नम्बर एक और नम्बर दो कताई की मिलें बंद होने से वहां के मजदूरों को अक्तूबर-नवम्बर माह से वेतन नहीं मिला है, जिस कारण सारे मजदूर भुखमरी की कगार पर हैं और वे धरने पर बैठे हुए हैं। एन.टी.सी. की मिलों के मजदूरों को भी तब से वेतन नहीं मिला है। इस कारण इन सारे मजदूरों के घरों में दीपावली नहीं मनाई गई। मेरा केन्द्र सरकार से और विशेषकर कपड़ा मंत्री से अनुरोध है कि सूती मिलों और एन.टी.सी. की मिलों के मजदूरों के वेतन बांटकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।